https://www.patrika.com/ahmedabad-news/edii-leadership-transformation-governor-8413921/

Published: August 04, 2023 10:15:33 pm

गांधीनगर. तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने कहा कि युवाओं की रचनात्मक शक्ति भारत को दुनिया की अग्रणी अर्थ व्यवस्था बनाएगी। देश लगातार विकास की राह पर चल रहा है।

राज्यपाल रवि शनिवार को गांधीनगर स्थित भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) के 22वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने स्नातक विद्यार्थियों को कहा कि आप ऐसे समय पर ग्रेजुएट हो रहे हैं जब देश क्रांतिकारी परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। यह युग प्रत्येक के लिए नए अवसर लेकर आ रहा है। जरूरत है भाग्य का पता लगाने की और ऊंची उड़ान भरने की है। देश की हर समस्या का समाधान समग्रता से किया जा रहा है। देश की विविधता ने ही हमें एक खास पहचान प्रदान की है। देश अपने युवाओं को उनकी ऊर्जा और क्षमता का दोहन करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

एक लाख से ज्यादा स्टार्टअप

उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में भारत में एक लाख से अधिक स्टार्टअप हैं। इसके साथ भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। यह केवल युवाओं की उद्यमशील भावना के कारण संभव हुआ है। राज्यपाल ने छात्रों को सलाह दी कि वे राष्ट्रीय संपत्ति हैं इसलिए स्वस्थ रहें, बड़े सपने देखें और खुद का

आत्मविश्वास कभी न खोएं। आप दुनिया पर विजय प्राप्त करेंगे और राष्ट्र का निर्माण करेंगे।

ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने शिक्षा, अनुसंधान, प्रशिक्षण, एमएसएमई, नवाचार और समावेशी विकास के प्रमुख क्षेत्रों में संस्थान के 40 वर्षों के काम को रेखांकित किया।ईडीआईआई के प्रेसिडेंट राकेश शर्मा ने अध्यक्षीय भाषण दिया। उन्होंने उद्यमिता को आगे बढ़ाने के लाभों और संस्थान के पूर्व विद्यार्थियों की उपलब्धियों को बताया।

समारोह में 54 विद्यार्थियों को डिप्लोमा और फेलो प्रदान किए गए, जिनमें 52 स्नातकोत्तर डिप्लोमा और प्रबंधन में दो फेलो शामिल थे। मेधावी विद्यार्थियों के पुरस्कारों के साथ-साथ बिजनेस एंटरप्रेन्योर व सोशल एंटरप्रेन्योर का प्रेसिडेंट एल्युमनी अवॉर्ड भी दिया गया।